प्रेस–नोट

14.10.2022

अंतरराष्ट्रीय ई–वेस्ट दिवसः जयपुर में डोर–टू–डोर ई–वेस्ट संग्रहण हेतु चलेगा जागरूकता अभियान

खराब/अनुपयोगी इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रोनिक उपकरण जैसे कि – ए.सी., फ्रीज, मोबाईल, लैपटाप, कम्प्यूटर, वाशिंग मशीन, टी.वी. आदि **"इलेक्ट्रोनिक वेस्ट (ई–वेस्ट)"** के अन्तर्गत आते हैं, जिन्हें ई–वेस्ट (प्रबन्धन) नियम, 2016 के अनुसार अधिकृत डिस्मेंटलर/ रिसाईक्लर/कलेक्शन सेन्टर द्वारा ही निस्तारित किया जाना आवश्यक है। कबाडी द्वारा एकत्रित ई–वेस्ट सामान्यतः गैर वैज्ञानिक विधियों से प्रोसेस किया जाता है, जिससे निकलने वाले हानिकारक हैवी–मैटल्स, प्रदूषक तत्व एवं रसायन मिट्टी, जल एवं वायु को दूषित करते हैं जो कि मानव शरीर में पहुँच कर गम्भीर रोग उत्पन्न कर सकते हैं। इस विषय पर आम–जन में जागरूकता की कमी है, जिस कारण बडे शहरो में भी ई–वेस्ट को अधिकृत संस्था को ना देकर, कबाडी को दे दिया जाता है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा समय–समय पर ई–वेस्ट संग्रहण हेतु अभियान चलाकर शहर के सभी नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपने ई–वेस्ट को अधिकृत डिस्मेंटलर्स/रीसाइकिलर्स/कलेक्शन सेंटर्स के माध्यम से जिम्मेदार तरीके से निस्तारित करें। ई–वेस्ट संग्रहण अभियान का मुख्य उद्देश्य ई–वेस्ट (प्रबंधन) नियम, 2016 के अनुसार ई–वेस्ट को अधिकृत तरीके से निपटान के लिए लोगों को जागरूक करना और अभियान के दौरान इससे संबंधित जन–जागरूकता गतिविधियों (Information, Education and Communication-IEC) का संचालन करना है।

अंतरराष्ट्रीय ई–वेस्ट दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा साहस वेस्ट मैनेजमेंट के सहयोग से डोर–टू–डोर ई–वेस्ट संग्रहण हेतु जागरूकता अभियान चलाकर ई–वेस्ट के संबंध में आमजन को जागरूक किया जावेगा। साहस वेस्ट मैनेजमेंट केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नई दिल्ली से अधिकृत प्रोडूयुसर रेसपान्सिबिलिटी ऑरगेनाइजेशन है। इस जागरूकता अभियान में शाओमी इंडिया, एल. जी. इंडिया एण्ड एप्सन इंडिया, ग्रीनस्केप इको मैनेजमेंट साहस वेस्ट मैनेजमेंट के पार्टनर है। साहस वेस्ट मैनेजमेंट ने पहले ही जम्मू–कश्मीर, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में जागरूकता अभियान शुरू किया है और अन्य 15 राज्यों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी। साहस वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा यह सुविधा 14 अक्टूबर 2022 से जयपुर शहर में भी उपलब्ध करवायी जावेगी।

साहस वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा जयपुर शहर में डोर–टू–डोर जाकर ई–वेस्ट एकत्रित किया जावेगा। ई–वेस्ट के बदले में उचित मूल्य भी उपभोक्ता को दिया जावेगा। इस सुविधा के उपयोग हेतु टोल फ्री नम्बर 18002586676 पर भी कॉल किया जा सकता है।

14 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय ई–वेस्ट दिवस दिवस के मौके पर साहस वेस्ट मैनेजमेंट की **ई–वेस्ट संग्रहण एंव जागरूकता वैन** को सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो कि आमजन को ई–वेस्ट के नियमानुसार निस्तारण करने हेतु जागरूक करेगी।

इसके अतिरिक्त ई–वेस्ट प्रबंधन के लिए राज्य मंडल द्वारा ई.पी.टी.आर.आई के सहयोग से मंडल के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया।

(बी. प्रवीण)
सदस्य सचिव

****